

NIOS PYQ's SOLUTIONS

PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS



APRIL-2026

Your Path to Success

खण्ड – क (बहुविकल्पीय)

1. जनसंचार का मुख्य उद्देश्य है :

(A) केवल मनोरंजन करना

(B) सूचना देना, शिक्षित करना और मनोरंजन करना

(C) उत्पादों का विज्ञापन करना

(D) श्रोताओं को नियंत्रित करना

उत्तर - (B) सूचना देना, शिक्षित करना और मनोरंजन करना

2. एस. आई.टी.इ. के माध्यम से कितने गाँवों में कार्यक्रम उपलब्ध कराए गए ?

(A) 240

(B) 380

(C) 1000

(D) 2400

उत्तर - (D) 2400

3. रेडियो प्रसारण के लिए बने उच्च क्षमता ट्रांसमीटर कहाँ स्थित हैं ?

(A) शहर के अंदर

(B) शहर की सीमा के बाहर

(C) कहीं भी

(D) स्टूडियों में

उत्तर - (B) शहर की सीमा के बाहर

4. ठुमरी और दादरा संगीत के कौन-से रूप हैं ?

(A) लोक संगीत

(B) पश्चिमी शास्त्रीय संगीत

(C) धीमा शास्त्रीय संगीत



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(D) वाद्य संगीत

उत्तर - (C) धीमा शास्त्रीय संगीत

5. कार्यक्रम निर्माण का प्रथम चरण है :

(A) निर्माण

(B) निर्माण-पश्चात

(C) निर्माण-पूर्व

(D) वितरण

उत्तर - (C) निर्माण-पूर्व

6. टेलीविजन कार्यक्रम के निर्माण पूर्व की अवस्था के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य किया जाता है ?

(A) भीड़ नियंत्रण

(B) शूटिंग

(C) विचार मंथन

(D) कैप्शन लेखन

उत्तर - (C) विचार मंथन

7. कौन-सा कारक समाचारों को श्रोताओं के लिए अधिक प्रभावशाली बनाता है ?

(A) सटीकता

(B) मानवीय रुचि

(C) निष्पक्षता

(D) व्याकरण

उत्तर - (B) मानवीय रुचि

8. न्यू मीडिया उपक्रमों निम्नलिखित में से किस व्यवसाय। उद्योग श्रेणी के अंतर्गत आते हैं ?

(A) SMEs

(B) बड़े उद्योग



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर - (A) SMEs

9. निम्नलिखित में से कौन-सा रेडियो फॉर्मेट पूरे देश में विभिन्न स्टेशनों को आपस में जोड़ता है ?

(A) सभी रेडियो फॉर्मेट

(B) फोन-इन कार्यक्रम

(C) रेडियो ब्रिज

(D) इंटरनेट रेडियो

उत्तर - (C) रेडियो ब्रिज

10. प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया मुख्य रुप से किससे संबंधित है ?

(A) विज्ञापन

(B) जनसंपर्क

(C) मीडिया आचार संहिता

(D) मनोरंजन

उत्तर - (C) मीडिया आचार संहिता

11. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का उदाहरण कौन-सा है ?

(A) पोस्टर

(B) रेडियो

(C) पैम्फलैट

(D) पुस्तक

उत्तर - (B) रेडियो



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

12. समाचार मूल्यों में शामिल हैं :

(A) सटीकता

(B) समय बद्धता

(C) प्रभाव

(D) उपर्युक्त सभी

उत्तर - (D) उपर्युक्त सभी

13. AIR का पूरा नाम है :

(A) ऑल इंडिया रेडियो

(B) एशियन इंटरनेट रिसोर्स

(C) ऑडियो इन्फॉर्मेशन रिले

(D) एडवांस्ड इंडियन रेडियो

उत्तर - (A) ऑल इंडिया रेडियो

14. पत्रकारीता लेखन होना चाहिए -

(A) पक्षपाती

(B) जटिल

(C) स्पष्ट और सरल

(D) भावनात्मक

उत्तर - (C) स्पष्ट और सरल

15. बच्चे मुख्य रूप से देखना पसंद करते हैं :

(A) समाचार चैनल

(B) कार्टून चैनल

(C) खेल चैनल

(D) प्रमाणविषयक चैनल

उत्तर - (B) कार्टून चैनल



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

वैकल्पिक मॉड्यूल

वैकल्पिक मॉड्यूल – A (परंपरागत मीडिया)

16. परंपरागत मीडिया मुख्य रूप से आधारित है :

(A) डिजिटल मंच

(B) मौखिक संचार

(C) इंटरनेट सेवाएँ

(D) उपग्रह प्रौद्योगिकी

उत्तर - (B) मौखिक संचार

या

वैकल्पिक मॉड्यूल – B (फोटो पत्रकारिता)

फोटो पत्रकारिता मुख्य रूप से केंद्रित है :

(A) चित्रण

(B) दृश्य कहानी सुनाना

(C) विज्ञापन

(D) चित्रकला

उत्तर - (B) दृश्य कहानी सुनाना



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

खण्ड – ख (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

17. रिक्त स्थान भरें :

(i) _____ को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है।

(ii) शहरी और _____ के बीच का अंतर कम होना भारत में भाषाई प्रेस के विकास की एक महत्वपूर्ण विशेषता है।

उत्तर -

(i) प्रेस (जनसंचार माध्यम)

(ii) ग्रामीण

18. रेडियो फॉमेट में प्रयुक्त ध्वनि प्रभावों के बारे में 'सही' या 'गलत' बताइए।

(i) रुचि जगाने में ध्वनि की कोई भूमिका नहीं होती।

(ii) ध्वनी का उपयोग मूड को खुशनुमा करने के लिए किया जा सकता है।

उत्तर -

(i) गलत

(ii) सही

19. विज्ञापन संबंधी दिशानिर्देशों के बारे में निम्नलिखित कथनों के बारे में सही या गलत बताइए ।

(i) विज्ञापन में कोई भी अतिशयोकितपूर्ण, विशिष्ट या गुमराह करने वाले दावे नहीं होने चाहिए।

(ii) विज्ञापन में महिलाओं को निष्क्रिय, अशक्त या आत्मसमर्पण किया हुआ दिखाया जा सकता है।

उत्तर -

(i) सही

(ii) गलत



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

20. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही शब्दों से रिक्त स्थान भरें ।

एक सामुदायिक रेडियो संचालन के लिए सामुदायिक रेडियो _____ आवश्यक होता है। इस स्टेशन से यह अपेक्षा की जाती है कि वह स्थानीय _____ में कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

(विकल्प : लाइसेंस/भाषा/विशेषाधिकार/स्टूडियो/शहर/उच्च स्तरीय उपकरण)

उत्तर - लाइसेंस, भाषा।

21. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही शब्दों का चयन कर रिक्त स्थान भरें ।

(i) जनसंपर्क एक _____ संप्रेषण प्रक्रिया है।

(ii) जनसंपर्क का मुख्य उद्देश्य _____ बनाना है।

(विकल्प : द्विभार्गीय/आधारभूत संरचना/सद्भावना/उच्च स्वर/जटिल)

उत्तर - (i) द्विभार्गीय

(ii) सद्भावना

22. सही या गलत।

(i) विज्ञापन संचार का एक सशुक्ल रूप है।

(ii) जनसंपर्क एक उपशीर्षक और अप्रत्यक्ष विषय है।

उत्तर - (i) सही

(ii) सही

23. कॉलम मिलाएँ।

कॉलम - (I)	**कॉलम - (II)**
(i) कला निर्देशक	**(a) दृश्य प्रबंधन**
(ii) कैमरापर्सन	**(b) रचनात्मक डिज़ाइन संबंधी पहलुओं का प्रबंधन**



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

उत्तर -

कॉलम – (I)	**कॉलम – (II)**
(i) कला निर्देशक	(b) रचनात्मक डिज़ाइन संबंधी पहलुओं का प्रबंधन
(ii) कैमरा पर्सन	(a) दृश्य प्रबंधन

24. रिक्त स्थान करें ।

(i) रियलिटी शो एक प्रकार का _____ कार्यक्रम है।

(ii) टेलीविजन कार्यक्रमों को मुख्य रूप से _____ श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है।

उत्तर -

(i) मनोरंजन

(ii) तीन

25. कॉलम मिलाएँ।

कॉलम-(I)	**कॉलम-(II)**
(i) स्क्रिप्ट राइटर	**(a) कार्यक्रम के लिए लिखता है।**
(ii) एंकर	**(b) कार्यक्रम प्रस्तुत करता है।**

उत्तर -

कॉलम-(I)	**कॉलम-(II)**
(i) स्क्रिप्ट राइटर	(a) कार्यक्रम के लिए लिखता है।
(ii) एंकर	(b) कार्यक्रम प्रस्तुत करता है।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

वैकल्पिक मॉड्यूल

मॉड्यूल - A (परंपरागत माध्यम)

26. परंपरागत माध्यम मुख्य रूप से निम्नलिखित में उपयोगी है :

(i) मानव संचार

(ii) ग्रामीण संचार

(iii) ऑनलाइन शिक्षा

(iv) उपग्रह प्रसारण

(A) (i) और (ii) सही हैं

(B) (i) और (iii) सही हैं

(C) (ii) और (iii) सही हैं

(D) (iii) और (iv) सही हैं

उत्तर - (A) (i) और (ii) सही हैं।

अथवा

मॉड्यूल – B (फोटो पत्रकारिता)

फोटो फीचर में आम तौर पर _____ होता है। इसे फोटो _____ भी कहा जाता है।

उत्तर - कहानी, निबंध।

मॉड्यूल – A

27. (i) लोक रंगमंच _____ माध्यम का एक उदाहरण है।

(ii) कठपुतली _____ संचार का एक प्रकार है।

उत्तर - (i) परंपरागत

(ii) लोक



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

अथवा

मॉड्यूल – B

दिए गए विकल्पों में से सही शब्द का चयन कीजिए।

(i) एक फोटो पत्रकार को _____ का पालन अवश्य करना चाहिए।

(ii) फोटोग्राफी में आचार संहिता का अर्थ है _____ ।

(विकल्प : प्रकाश/वायु/आचार संहित/संवाददाता/ईमानदारी/सकारात्मक दृष्टिकोण/रचना/पक्षपात)

उत्तर -

(i) आचार संहिता

(ii) ईमानदारी

मॉड्यूल – A

28. (i) परंपरागत माध्यम संस्कृति – विशिष्ट है। (सत्य/असत्य)

(ii) इसके लिए उन्नत तकनीक की आवश्यकता होती है। (सत्य/असत्य)

उत्तर -

(i) सत्य

(ii) असत्य

अथवा

मॉड्यूल – B

(i) तस्वीरों को (फोटो को) अत्यधिक संपादित करना नैतिक है। (सत्य/असत्य)

(ii) फोटो पत्रकार प्रशांत पंजियर 'आउटलुक' पत्रिका से जुड़े हैं।

उत्तर – (i) असत्य

(ii) सत्य



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

खण्ड – ग

29. सूचना अधिभार का क्या अर्थ है ?

उत्तर - जब किसी व्यक्ति के सामने उसकी समझने और उपयोग करने की क्षमता से अधिक जानकारी आती है, तो इसे सूचना अधिभार कहते हैं। अधिक जानकारी के कारण जरूरी तथ्यों को पहचानना कठिन हो सकता है और व्यक्ति भ्रमित या मानसिक रूप से थका हुआ महसूस कर सकता है।

30. न्यू मीडिया के कोई दो उदाहरण दीजिए।

उत्तर - न्यू मीडिया के दो उदाहरण हैं:

(i) वेबसाइट : यह न्यू मीडिया का सबसे आम उत्पाद है, जैसे समाचार वेबसाइट।

(ii) सोशल नेटवर्किंग साइट : इन पर कोई भी अकाउंट बनाकर लोगों से जुड़ सकता है और विचार बाँट सकता है।

(ब्लॉग, ई-मेल और ऑनलाइन लर्निंग भी न्यू मीडिया के उदाहरण हैं।)

31. रेडियो का आविष्कार किसने किया ?

उत्तर - रेडियो का आविष्कार मार्कोनी ने 1901 में किया। इसकी मदद से पहली बार मनुष्य की आवाज़ को बिना तार के लंबी दूरी तक भेजना संभव हुआ। बाद में 1947 में ट्रांजिस्टर के आविष्कार से रेडियो बहुत लोकप्रिय हो गया।

32. भारत में प्रिंट मीडिया को विनियमित करने वाले संगठन का नाम बताइए।

उत्तर - भारत में प्रिंट मीडिया के लिए दिशा-निर्देश देने वाली प्रमुख संस्था प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया है। यह पत्रकारिता में निष्पक्षता, जिम्मेदारी और नैतिक मानकों को बनाए रखने से संबंधित मामलों पर कार्य करती है।

33. मीडिया अभिसरण से आप क्या समझते हैं ?

उत्तर - मीडिया अभिसरण का अर्थ प्रिंट, रेडियो, टेलीविजन और इंटरनेट जैसे विभिन्न माध्यमों का एक साथ आना है। नई तकनीक के कारण समाचार और अन्य सामग्री कई माध्यमों पर उपलब्ध होती है। पुराने माध्यम समाप्त होने के बजाय बदलते समय के साथ नए माध्यमों के साथ काम करते हैं।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

वैकल्पिक मॉड्यूल – A (परंपरागत माध्यम)

34. नुक्कड़ रंगमंच और उसके अनुप्रयोग की व्याख्या कीजिए।

उत्तर - नुक्कड़ रंगमंच अपनी बात लोगों तक पहुँचाने का एक बेहद प्रभावशाली पारंपरिक माध्यम है। इसके अनुप्रयोग के अंतर्गत छोटे और मनोरंजक नाटकों के माध्यम से साक्षरता, स्वच्छता और सही पोषण जैसे सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाई जाती है। इसकी कहानियाँ सीधे आम दर्शकों के जीवन से जुड़ी होती हैं।

35. परंपरागत मीडिया के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए।

उत्तर - परंपरागत मीडिया के दो मुख्य लाभ हैं:

1. यह दर्शकों के साथ सीधा संपर्क स्थापित करता है और इसमें प्रतिक्रिया (feedback) तुरंत मिलती है।

2. इसके उपयोग के लिए किसी विशेष तकनीक या प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होती और यह स्थानीय संस्कृति से जुड़ा होता है।

वैकल्पिक मॉड्यूल – B (फोटो – पत्रकारिता)

34. फोटो पत्रकारिता के किन्हीं दो प्रकारों के नाम बताइए।

उत्तर – फोटो पत्रकारिता के दो प्रकार हैं :

(i) खेल फोटो पत्रकारिता: इसमें खेल आयोजनों, जैसे क्रिकेट मैच, की तस्वीरें ली जाती हैं।

(ii) युद्ध फोटो पत्रकारिता: यह सबसे पुराना रूप है, जिसमें युद्ध और संघर्ष की तस्वीरें ली जाती हैं।

(अन्य प्रकार : स्पॉट न्यूज़, ग्लैमर, यात्रा और वन्यजीव फोटो पत्रकारिता।)

35. एक अच्छी रचना के कोई दो लाभ बताइए।

उत्तर - एक अच्छी रचना के दो प्रमुख लाभ हैं।

1. पहला, यह दर्शक का ध्यान भटकाए बिना तस्वीर के मुख्य विषय पर तुरंत केंद्रित करने में मदद करती है।
2. दूसरा, इससे तस्वीर अधिक संतुलित, आकर्षक और प्रभावशाली बनती है, जिससे तस्वीर के माध्यम से दी जा रही कहानी या संदेश को स्पष्ट रूप से समझने में आसानी होती है।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

36. समाज में जनसंचार माध्यमों की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

उत्तर - समाज में जनसंचार माध्यमों की प्रमुख भूमिका जनता को सूचना देना, शिक्षित करना और उनका मनोरंजन करना है। एक लोकतांत्रिक समाज में यह सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं, जिससे लोग सरकारी नीतियों और योजनाओं के प्रति जागरूक होते हैं। इसके अलावा, जन माध्यम लोगों की आदतों और दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव लाकर समाज में विकास को बढ़ावा देते हैं।

37. रेडियो फॉर्मेट के 'उच्चारित शब्द' के अंतर्गत आने वाले किन्हीं तीन प्रकार के रेडियो कार्यक्रमों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

उत्तर - रेडियो पर 'उच्चारित शब्द' के अंतर्गत आने वाले तीन प्रमुख कार्यक्रम इस प्रकार हैं :

1. **रेडियो वार्ता :** यह रेडियो का सबसे पुराना फॉर्मेट है, जिसमें कोई विशेषज्ञ किसी विषय पर 10 से 15 मिनट बोलता है।
2. **रेडियो साक्षात्कार :** पत्रकार प्रश्न पूछकर किसी व्यक्ति से जानकारी या विचार लेते हैं। जनमत जानने के लिए आम लोगों के छोटे साक्षात्कार भी किए जाते हैं।
3. **रेडियो परिचर्चा :** इसमें दो या तीन विशेषज्ञ सामाजिक या आर्थिक मुद्दे पर विभिन्न विचार रखते हैं। एक मॉडरेटर चर्चा को व्यवस्थित करता है और सभी प्रतिभागियों को बोलने का अवसर देता है।

38. टेलीविजन कार्यक्रम निर्माण के चरणों को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर - टेलीविजन कार्यक्रम निर्माण के तीन चरण हैं:

(i) निर्माण-पूर्व : इसमें शूटिंग से पहले की सारी तैयारी होती है, जैसे विचार तैयार करना, शोध, स्क्रिप्ट लिखना, कलाकार, उपकरण, पोशाक और लोकेशन तय करना।

(ii) निर्माण : इसमें स्टूडियो या लोकेशन पर शूटिंग होती है, कलाकारों और टीम को संभाला जाता है और भीड़ को नियंत्रित किया जाता है।

(iii) निर्माण-पश्चात : इसमें दृश्यों को काटकर सही क्रम में जोड़ा जाता है, कैप्शन, कमेंट्री और संगीत डालकर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जाता है।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

39. जनसंपर्क को परिभाषित कीजिए और इसके महत्त्व को समझाइए।

उत्तर - जनसंपर्क संचार का वह रूप है, जिसमें नैतिक तरीकों से लोगों को प्रेरित या प्रभावित किया जाता है। यह किसी संगठन और उसकी जनता के बीच दो-तरफा संचार प्रक्रिया है।

महत्त्व :

(i) यह लोगों को किसी उत्पाद के लाभों के बारे में शिक्षित करता है।

(ii) यह संगठन के लिए सद्भावना बढ़ाता है।

(iii) यह संगठन की प्रतिष्ठा बनाता, बनाए रखता और उसकी रक्षा करता है।

40. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन किन्हीं चार मीडिया इकाइयों की सूची बनाइए।

उत्तर - सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन कार्य करने वाली चार प्रमुख मीडिया इकाइयाँ और उनके कार्य इस प्रकार हैं:

1. **प्रेस सूचना ब्यूरो (PIB):** यह संगठन प्रिंट मीडिया (प्रेस) को सरकार की गतिविधियों की आधिकारिक जानकारी और प्रेस विज्ञप्ति प्रदान करता है।
2. **विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (DAVP):** यह केंद्र सरकार के लिए समाचारपत्रों, रेडियो और टेलीविजन जैसे विभिन्न माध्यमों पर विज्ञापन और प्रचार अभियानों की जिम्मेदारी संभालता है।
3. **फिल्म प्रभाग:** यह इकाई सरकार के लिए प्रचार फिल्में और देश भर के सिनेमाघरों में दिखाने के लिए न्यूज़रील बनाती है।
4. **ऑल इंडिया रेडियो (AIR):** यह सरकार की एक प्रमुख मीडिया इकाई है जो रेडियो माध्यम का उपयोग करके आम जनता तक सूचनाएँ पहुँचाती है।

41. युवाओं पर न्यू मीडिया के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर - आज के युवा कंप्यूटर और इंटरनेट पर बहुत अधिक समय बिताते हैं। इससे उन्हें अत्यधिक जानकारी मिलती है, लेकिन इस 'सूचना अधिभार' के कारण वे अक्सर भ्रमित हो जाते हैं और 'मानसिक थकान' का शिकार होने लगते हैं। इसके अलावा, युवा बाहर जाकर खेलने या लोगों से वास्तविक रूप में मिलने के बजाय केवल ऑनलाइन चैटिंग करना पसंद करते हैं। इसके परिणामस्वरूप, उनके पारस्परिक संबंध और आमने-सामने बातचीत करने जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक कौशल कमजोर हो रहे हैं।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

42. एक रेडियो स्टेशन की संरचना और कार्यप्रणाली की व्याख्या कीजिए।

उत्तर - एक रेडियो स्टेशन में तीन विभाग होते हैं: कार्यक्रम विभाग, अभियांत्रिकी विभाग और प्रशासनिक विभाग। पहले दो विभाग प्रसारण चलाते हैं और प्रशासनिक विभाग सहायता देता है।

संरचना और कार्यप्रणाली:

(i) स्टूडियो: यहाँ माइक्रोफोन के सामने कार्यक्रम बोले या रिकॉर्ड किए जाते हैं। बाहर का शोर रोकने के लिए भारी दरवाज़े और साउंड लॉक होता है। उद्घोषक जिस छोटे स्टूडियो से बोलता है, उसे ***ट्रांसमिशन स्टूडियो*** कहते हैं।

(ii) नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम): स्टूडियो से आई आवाज़ यहाँ पहुँचती है, जहाँ तकनीकी लोग उसे नियंत्रित करके ट्रांसमीटर को भेजते हैं।

(iii) ट्रांसमीटर: यह ध्वनि तरंगों को श्रोताओं के रेडियो सेट तक भेजता है। उच्च क्षमता वाले ट्रांसमीटर शहर के बाहर लगाए जाते हैं।

वैकल्पिक मॉड्यूल – A (परंपरागत माध्यम)

43. आधुनिक समाज में परंपरागत माध्यमों की प्रासंगिकता पर चर्चा कीजिए।

उत्तर - आधुनिक समाज में डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विस्तार के बावजूद परंपरागत माध्यम उपयोगी हैं। लोकगीत, कठपुतली, लोकनाटक और नुक्कड़ नाटक इनके उदाहरण हैं।

- ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में ये स्थानीय भाषा और संस्कृति से जुड़े होने के कारण लोगों तक आसानी से पहुँचते हैं। इनके लिए तकनीक या प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं होती।
- विकास संचार में इनका उपयोग स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पोषण और सामाजिक सुधार के संदेश समझाने में किया जाता है।
- गीत, अभिनय और दर्शकों की भागीदारी संदेश को रोचक बनाती है और उसका प्रभाव गहरा करती है।
- रेडियो और टेलीविजन से जोड़कर इनके संदेश लोगों तक पहुँचाए जा सकते हैं, पर मूल सांस्कृतिक रूप को बनाए रखना चाहिए।

इसलिए ये आधुनिक मीडिया के साथ भी प्रासंगिक हैं।

अथवा



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

विकास संचार में पारंपरिक माध्यमों की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

उत्तर - विकास संचार का उद्देश्य लोगों तक ऐसी जानकारी पहुँचाना है जो उनके जीवन में सुधार और प्रगति में सहायक हो। इसमें पारंपरिक माध्यम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

- लोकगीत, कठपुतली, लोकनाटक और नुक्कड़ नाटक से कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, परिवार कल्याण और पर्यावरण के संदेश सरल ढंग से समझाए जाते हैं।
- स्थानीय भाषा, संस्कृति और परंपराओं से जुड़े होने के कारण ये ग्रामीण, आदिवासी, निरक्षर लोगों तक आसानी से पहुँचते हैं। सामने-सामने प्रस्तुति सहभागिता और तुरंत प्रतिक्रिया को बढ़ाती है।
- ये कम खर्चीले हैं और इनके लिए विशेष तकनीक की आवश्यकता नहीं होती। रेडियो-टेलीविजन से जोड़ने पर पहुँच बढ़ती है, पर मूल कला रूप की पहचान बनाए रखना जरूरी है।

इस तरह स्थानीय भागीदारी के साथ विकास संदेश असरदार बनते हैं।

वैकल्पिक मॉड्यूल – B (फोटो – पत्रकारिता)

43. फोटो पत्रकारीता में नैतिकता के महत्त्व पर चर्चा कीजिए।

उत्तर - फोटो पत्रकारिता में नैतिकता (आचार) का अत्यंत महत्त्व है, क्योंकि यह पत्रकार को सही और गलत के बीच निर्णय लेने में निर्देशित करती है। इसके महत्व को निम्नलिखित बिंदुओं से समझा जा सकता है:

- **सत्यता का प्रकटीकरण:** नैतिकता सिखाती है कि फोटो पत्रकार को हमेशा ऐसी तस्वीरें लेनी चाहिए जो पूर्ण रूप से सत्य को उद्घाटित करती हों।
- **छेड़छाड़ पर रोक:** डिजिटल युग में कंप्यूटर द्वारा तस्वीरों को बदलना आसान है, लेकिन तस्वीर से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ करना बुनियादी पत्रकारीय आचार का गंभीर उल्लंघन है।
- **मंचन का विरोध:** तस्वीरों को रोचक बनाने के लिए लोगों को निर्देश देकर तैयार करना या किसी कृत्रिम स्थिति का मंचन करना भी नियमों के सख्त विरुद्ध है।

एक जिम्मेदार फोटो पत्रकार कभी भी कैमरे के लाभ के लिए तस्वीर से छेड़छाड़ या झूठा मंचन नहीं करता है।

अथवा



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

समाचार रिपोर्टिंग में फोटोग्राफ की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

उत्तर - समाचार रिपोर्टिंग में फोटोग्राफ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह समाचार को अधिक प्रामाणिक, ध्यानाकर्षक और प्रभावशाली बनाता है। इसकी भूमिका को निम्न बिंदुओं से समझा जा सकता है:

- **'एक चित्र हजार शब्दों के बराबर':** सटीक तस्वीर घटना, स्थान और लोगों की स्थिति तुरंत दिखाती है जैसे भीषण बाढ़ की एक तस्वीर।
- **लिखित समाचार का सहायक:** फोटोग्राफ पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित लिखित समाचारों का एक सशक्त सहायक है, जो घटना को पाठकों की कल्पना में जीवंत कर देता है।
- **सत्यता और प्रमाण:** एक सच्ची और बिना छेड़छाड़ वाली तस्वीर घटना की वास्तविकता, गंभीरता और उसके प्रभाव को सीधे दर्शकों के सामने रखती है, जिससे समाचार की विश्वसनीयता बढ़ती है।
- **सीधा प्रभाव:** यह दर्शकों के साथ सीधा भावनात्मक जुड़ाव बनाता है और घटना का गहरा प्रभाव छोड़ता है।



All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/



Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success